# दिनांक 19.10.2023 को पन्नालाल सभागार, उन्नाव में भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यो की आहूत मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी, उन्नाव। | – | अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव। | – | सदस्य |
| 3. | जिला विकास अधिकारी, उन्नाव। | – | सदस्य |
| 4. | जिला पंचायत राज अधिकारी, उन्नाव। | – | सदस्य |
| 5. | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव। | – | सदस्य सचिव |
| 6. | जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव। | – | डी.पी.एम.यू. |
| 7. | डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव। | – | टी.पी.आई. |
| 8. | मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ। | – | कार्यदायी संस्था |
| 9. | जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि। | – | आई.एस.ए. |
| 10. | मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेषन, के–571, सेक्टर–के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ। | – | कार्यदायी संस्था |
| 11. | मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ। | – | कार्यदायी संस्था |

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके कार्य क्लस्टर– ए एवं बी में कराये जाने हैं। जिस हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निविदा प्रकिया पूर्ण कर कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, सेक्टर–सी–2, प्लाट नं0– 177, सुशान्त गोल्फ सिटी, अन्सल ए.पी.आई., निकट लुलु मॉल, लखनऊ को नामित किया गया है। उक्त योजना से सम्बन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक दिनांक 19.10.2023 को कलेक्ट्रेट, उन्नाव स्थित पन्नालाल हाल में सम्पन्न हुई:–

1. जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं उपयुक्तता (Suitability) की अद्यतन स्थिति।
2. जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यो पर प्रगति की समीक्षा।
3. जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा।
4. जनपद में नल जल मित्र के चयन के सम्बन्ध में समीक्षा
5. जनपद में पी.आर.आई. प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा
6. जनपद में F.T.K. किट वितरण की समीक्षा
7. जनपद में I.E.C. गतिविधियों की समीक्षा

➢ **जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं उपयुक्तता (Suitability) की अद्यतन स्थिति:–**
उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि योजना से सम्बन्धित कार्यों हेतु कुल वांछित 378 नग भूमियों के सापेक्ष समस्त भूमि प्राप्त कर उनका चिन्हांकन कर लिया गया है जिसमें से 360 नग भूमियों की उपयुक्तता (Suitability) कार्य के अनुरूप पायी गयी तथा WTP Cluster-A हेतु चिन्हित स्थल पतारी में बाढ़ से बरकोता ड्रेन में Overflow होने के कारण जो भूमि जल मग्न थी वहां पर वर्तमान में जलभराव की स्थिति खत्म हो गयी है जिसके उपरान्त फर्म द्वारा उक्त स्थल पर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुये WTP-A का G.A.D (General Arrangement Design) ड्राइंग प्रस्तुत कर दी गयी है उक्त के सन्दर्भ में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि उक्त स्थल पर भविष्य में भी जलभराव की सम्भावना उत्पन्न हो सकती है जिस कारण ग्राम पतारी में डब्ल्यू.टी.पी. निर्माण हेतु चिन्हित भूमि के स्थान पर Cluster-A के अन्य ग्रामों में भूमि तलाशने हेतु तहसीलदार सदर/नायब तहसीलदार/राजस्व निरीक्षक/लेखपाल के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निरन्तर तीन दिवसों तक बैठक की जाये, शेष 18 नग भूमि (Water Logging, उपलब्ध भूमि का क्षेत्रफल कम होने के कारण) अनउपयुक्त पायी गयीं हैं जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित तहसीलों के उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये कार्य सम्पादन हेतु उपयुक्त (Suitabile) भूमि प्राप्त करना तथा आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित तहसीलों के साथ उपजिलाधिकारी के साथ अधोहस्ताक्षरी की बैठक कराना सुनिश्चत करें।

..............................2/–

Scanned with OKEN Scanner

➢ **जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यों पर प्रगति की समीक्षा:–**

उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फारट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा क्लस्टर ए एवं बी में आवंटित कुल 1682 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है क्लस्टर–ए के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 09 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 45.769 किमी. वितरण प्रणाली एवं 2331 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 08 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 31.885 किमी. वितरण प्रणाली एवं 584 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। इस प्रकार कुल 17 जोन में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये कुल 77.654 किमी. वितरण प्रणाली एवं 2915 नग गृह जल संयोजन कराये जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही जनपद में एफ.एच.टी.सी. की प्रगति 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किये जाने हेतु कार्यदायी फर्म ने अपने पत्र सं0– MEIL/1345 &1346/Unnao Cluster-A&B/2023-24/072 दिनांक 07.10.2023 के द्वारा माह फरवरी, 2024 तक 76500 नग पेयजल गृह संयोजन कराये जाने से अवगत कराया गया है। वर्तमान में जनपद में एफ.एच. टी.सी. की प्रगति 11.60 प्रतिशत है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा/कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री राजीव सामंत से उनके द्वारा माह अक्टूबर, 2023 में लक्षित 5000 नग गृह जल संयोजन (FHTC) के सापेक्ष वर्तमान तक मात्र 1365 नग गृह जल संयोजन (FHTC) ही उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में पूछा गया जिसके सम्बन्ध में फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर, 2023 की समाप्ति तक निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता से जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित एवं वर्तमान में बन्द पेयजल योजनाओं को कियाशील करते हुये गृह जल संयोजन (FHTC) प्रदान करने के सम्बन्ध में कार्ययोजना के बारे में पूछा गया, अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसी योजनाओं पर डी.जी. सेट तथा पम्प मोटर के माध्यम से कियाशील करते हुये उक्त नलकूपों से जल नमूने लेकर उनकी जांच की जा रही है जिसमें से वर्तमान तक विकास खण्ड नवाबगंज की 06 ग्राम समूह पेयजल योजनायें, नामतः मकदूमपुर, मिर्जापुर, भौली, बिरसिंहपुर, मलांव मकूर, दरियापुर अजीजपुर एवं विकास खण्ड सफीपुर की 01 ग्राम समूह पेयजल योजना ओसिया अर्थात् कुल 07 पेयजल योजनाओं के नलकूपों का जल नमूना पेयजल के मानकों के अनुरूप उपयुक्त पाया गया है तथा उक्त योजनाओं से आच्छादित ग्रामों में लगभग 5238 नग गृह जल संयोजन (FHTC) उपलब्ध कराये जा सकेंगे। जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि से उक्त के सन्दर्भ में कार्ययोजना चाही गयी जिसके सम्बन्ध में उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त 07 पेयजल योजनाओं के हाइड्रोलिक डिजाइन एवं ड्राइंग माह अक्टूबर, 2023 के अन्त तक अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में उपलब्ध करा दिये जायेंगे, तथा 15, नवम्बर 2023 तक उक्त 07 नग पेयजल योजनाओं के 5238 नग गृह जल संयोजन (FHTC) के साथ माह हेतु लक्षित 9000 नग गृह जल संयोजन (FHTC) के लक्ष्य की प्राप्ति कर ली जायेगी। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 19.10.2023 को मुख्य अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन श्री डी.के. सिंह द्वारा फर्म के प्रतिनिधियों के साथ Non- Functional Scheme में पम्पिंग प्लान्ट लगाये जाने हेतु बैठक की गयी जिसमें उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि फर्म द्वारा अन्य जिलों में किये जा रहे भूजल आधारित पेयजल योजनाओं के पम्पिंग प्लान्ट को Functional Portable Borewell पर अधिष्ठापित करते हुये अस्थायी रूप से जलापूर्ति जनपद उन्नाव में कराना सुनिश्चत करें। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि दिनांक 28.10.2023 को आप, अधोहस्ताक्षरी एवं मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव द्वारा उक्त Partially Functional Scheme & Non-Functional Scheme में फर्म द्वारा किये जा रहे कार्यों में से 01–01 नग पेयजल योजना का संयुक्त निरीक्षण किया जायेगा।

➢ **जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा:–**

उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हेतु नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) नामतः (1) हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ (2) जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़ (3) हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर (4) प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर (5) बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव (6) नवचेतना विकास समिति, बी–76, नेहरू विहार, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ को क्लस्टर आवंटन के पश्चात् अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण है तथा सम्बन्धित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसियों द्वारा Planning and Mobilisation Phase के कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है, विकास खण्ड नवाबगंज के अन्तर्गत कार्यो का शुभारम्भ माननीय विधायक मोहान श्री बृजेश रावत जी के माध्यम से करा दिया गया है एवं विकास खण्ड औरास के अन्तर्गत कार्यो का शुभारम्भ माननीय

..........................3/–

Scanned with OKEN Scanner

विधायक मोहान श्री बृजेश रावत जी के माध्यम से दिनांक 19.10.2023 को पूर्ण किया गया जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता तथा इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) को निर्देशित किया गया कि समस्त विधानसभा में कार्य प्रारम्भ मा0 जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कराते हुये आवंटित क्लस्टरों की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्यों की Pre-Planning & Mobilization फेज के समस्त कार्य 03 माह में पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में पी.पी.टी. के माध्यम से 02 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) द्वारा कराये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण करेंगे। जिनका रोस्टर निम्नानुसार है:-

| क्रम सं0 | इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) का नाम | पी.पी.टी. प्रस्तुतीकरण का माह |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ एवं बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी-957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव | नवम्बर, 2023 |
| 2 | जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़ एवं नवचेतना विकास समिति, बी-76, नेहरू विहार, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ | दिसम्बर, 2023 |
| 3 | हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर एवं प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194-ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर | जनवरी, 2024 |
| 4 | मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन, के-571, सेक्टर-के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ एवं मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ | फरवरी, 2024 |

➤ **जनपद में नल जल मित्र के चयन के सम्बन्ध में समीक्षा**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु जनपद में 'नल जल मित्र' का गठन किया जाना है जिस हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत से 02 तकनीकी प्रशिक्षित व्यक्तियों का चयन किया जाना है जिसकी सूची जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से प्राप्त करते हुये अग्रेतर कार्यवाही प्रकियाधीन है जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण रूप से कियान्वित नहीं हो पाये हैं। अतः उक्त हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 से जनपद में नल जल मित्र के चयन की प्रकिया को 03 माह उपरान्त कराने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन मांग लिया जाये।

➤ **जनपद में पी.आर.आई. प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा**

जनपद में कियान्वित पी.आर.आई. प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा की गयी गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने की योजना संचालित है भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु हितग्राहियों का प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन का प्राविधान किया गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के हितग्राहियों क्षमता संवर्धन हेतु निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण (प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य / ग्राम पंचायत सचिव / क्षेत्र पंचायत सदस्य / लेखपाल / ग्राम विकास अधिकारी / रोजगार सेवक तथा सामाजिक अभिरुचि वाले नागरिक) प्रदान किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण एवं उससे सम्बन्धित प्रशिक्षण किट सामग्री आपूर्ति हेतु मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन, के-571, सेक्टर-के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ को कार्यदायी एजेन्सी के रूप में नामित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड स्तर पर आयोजित 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को लाने एवं ले जाने, सूक्ष्म जलपान, भोजन, पानी आदि की व्यवस्था, रिसोर्स पर्सन्स का मानदेय, लॉजिस्टिक सपोर्ट (टेंट, कुर्सियां, माइक, वेलकम गेट, प्रोजेक्टर, साउण्ड लाउडस्पीकर, प्रशिक्षण मॉड्यूल (प्रशिक्षण साहित्य) पंजीकरण प्रपत्र, फीडबैक प्रपत्र) एवं संस्था के 02 कोऑर्डिनेटर 01 वाहन, फोटोकॉपी आदि पर आने वाले व्यय जनपद हेतु नामित कार्यदायी एजेन्सी द्वारा वहन किये जायेंगे जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारम्भ मा0 विधायक से कराया जाये। जनपद में पी.आर.आई. प्रशिक्षण कार्यकम की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है:-

..............................4/-

Scanned with OKEN Scanner

# Unnao Status for PRI (Panchayti Rajya Institution) Training

| S No | Batch Date | Block | Total Gram Panchayat | Total Revenue Village | Block | Target by Team | Trade | Target of Trade - By Team | Trained Participants |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25-26 Sep 2023 | Auraas | 61 | 90 | 1 | 1030 | Gram Pradhan | 61 | 61 |
| | 27-28 Sep 2023 | | | | | | Ward Member's | 732 | 200 |
| | 29-30 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 03-04 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 05-06 Oct 2023 | | | | | | | | 132 |
| | 25-26 Sep 2023 | | | | | | Secretary | 14 | 14 |
| | 25-26 Sep 2023 | | | | | | BDC | 73 | 73 |
| | 25-26 Sep 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | 07-08 Oct 2023 | | | | | | Rojgagar Sevak | 44 | 44 |
| | 07-08 Oct 2023 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 07-08 Oct 2023 | | | | | | Social Worker | 93 | 93 |
| 2 | 21-22 Aug 2023 | Bangar mau | 55 | 77 | 1 | 925 | Gram Pradhan | 55 | 55 |
| | 23-24 Aug 2023 | | | | | | Ward Member's | 600 | 200 |
| | 25-26 Aug 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 28-29 Aug 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 21-22 Aug 2023 | | | | | | Secretary | 15 | 15 |
| | 21-22 Aug 2023 | | | | | | BDC | 80 | 80 |
| | 21-22 Aug 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | 21-22 Aug 2023 | | | | | | Rojgagar Sevak | 50 | 50 |
| | 21-22 Aug 2023 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 23-24 Aug 2023 | | | | | | Social Worker | 112 | 112 |
| 3 | 02-03 Sep 2023 | Ganj Moradd abad | 60 | 85 | 1 | 995 | Gram Pradhan | 60 | 60 |
| | 05-06 Sep 2023 | | | | | | Ward Member's | 720 | 200 |
| | 07-08 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 09-11 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 12-13 Sep 2023 | | | | | | | | 120 |
| | 02-03 Sep 2023 | | | | | | Secretary | 15 | 15 |
| | 02-03 Sep 2023 | | | | | | BDC | 72 | 72 |
| | 02-03 Sep 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | 02-03 Sep 2023 | | | | | | Rojgagar Sevak | 30 | 30 |
| | 02-03 Sep 2023 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 12-13 Sep 2023 | | | | | | Social Worker | 85 | 85 |
| 4 | 04-05 Oct 2023 | Hasang anj | 81 | 140 | 1 | 1385 | Gram Pradhan | 81 | 81 |
| | 06-07 Oct 2023 | | | | | | Ward Member's | 972 | 200 |
| | 09-10 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 11-12 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 13-14 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 16-17 Oct 2023 | | | | | | | | 172 |
| | | | | | | | Secretary | 16 | |
| | 04-05 Oct 2023 | | | | | | BDC | 86 | 86 |
| | | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 4 | |
| | | | | | | | Rojgagar Sevak | 48 | |
| | | | | | | | Lekhpal | 10 | |
| | 18-19 Oct 2023 | | | | | | Social Worker | 168 | 168 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 11-12 Sep 2023 | | | | | | Gram Pradhan | 73 | 73 |
| | 13-14 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 15-16 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 18-19 Sep 2023 | | | | | | Ward Member's | 876 | 200 |
| | 20-21 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 22-23 Sep 2023 | Miagnaj | 73 | 140 | 1 | 1255 | | | 76 |
| | 24-25 Sep 2023 | | | | | | Secretary | 14 | 14 |
| | 11-12 Sep 2023 | | | | | | BDC | 83 | 83 |
| | 24-25 Sep 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | 11-12 Sep 2023 | | | | | | Rojgagar Sevak | 56 | 56 |
| | 24-25 Sep 2023 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 22-23 Sep 2023 | | | | | | Social Worker | 140 | 140 |
| 6 | 10-11 Oct 2023 | | | | | | Gram Pradhan | 75 | 75 |
| | 12-13 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 14-16 Oct 2023 | | | | | | Ward Member's | 900 | 200 |
| | 17-18 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 19-20 Oct 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 10-11 Oct 2023 | Nawab ganj | 75 | 119 | 1 | 1272 | Secretary | 18 | 18 |
| | 10-11 Oct 2023 | | | | | | BDC | 90 | 90 |
| | 10-11 Oct 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | | | | | | | Rojgagar Sevak | 46 | |
| | | | | | | | Lekhpal | 10 | |
| | | | | | | | Social Worker | 130 | |
| 7 | 14-15 Sep 2023 | | | | | | Gram Pradhan | 72 | 72 |
| | 16-18 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 19-20 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 21-22 Sep 2023 | | | | | | Ward Member's | 887 | 200 |
| | 25-26 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 29-30 Sep 2023 | | | | | | | | 87 |
| | 29-30 Sep 2023 | Safipur | 72 | 109 | 1 | 1216 | Secretary | 12 | 12 |
| | 14-15 Sep 2023 | | | | | | BDC | 78 | 78 |
| | 29-30 Sep 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 3 | 3 |
| | 27-28 Sep 2023 | | | | | | Rojgagar Sevak | 45 | 45 |
| | 29-30 Sep 2023 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 27-28 Sep 2023 | | | | | | Social Worker | 109 | 109 |
| 8 | 26-27 Sep 2023 | | | | | | Gram Pradhan | 66 | 66 |
| | 20-21 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 22-23 Sep 2023 | | | | | | Ward Member's | 726 | 200 |
| | 24-25 Sep 2023 | | | | | | | | 200 |
| | 26-27 Sep 2023 | | | | | | | | 126 |
| | 28-29 Sep 2023 | Sikandarpur Karan | 66 | 104 | 1 | 1120 | Secretary | 15 | 15 |
| | 28-29 Sep 2023 | | | | | | BDC | 86 | 86 |
| | 28-29 Sep 2023 | | | | | | Zila Panchayat Sadasya | 4 | 4 |
| | 28-29 Sep 2023 | | | | | | Rojgagar Sevak | 38 | 38 |
| | 28-29 Sep 2023 | | | | | | Lekhpal | 10 | 10 |
| | 30Sep-01Oct 2023 | | | | | | Social Worker | 175 | 175 |

.......................6/-

Scanned with OKEN Scanner

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

Apurva

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

का/पृ.

# कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव

पत्रांकः– 3188 / W.S-103 / 510 दिनांक : 30.10.2023

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), किसान बाजार,प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, उन्नाव।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
9. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद उन्नाव।
10. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
11. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
12. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
13. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
14. मेसर्स जे.पी.एस. फाउन्डेशन, के–571, सेक्टर–के., ए.डी.ए. कालोनी, लखनऊ।
15. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।

Apurva

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

का/पृ.

Scanned with OKEN Scanner